तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 24 फरवरी 2026

खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार

4 पीएम आवास का काम समय पर पूरा हुआ तो मिलेगा 32 हजार 850 रूपए



## खबर संक्षेप



### साईं मंदिर का मनाया गया 12वां स्थापना दिवस

**रायगढ़।** सोनूमुड़ा नयापारा में महापौर जीवर्धन चौहान के पिता स्वर्गीय किशोरी लाल चौहान एवं माता स्वर्गीय लता बाई चौहान की पावन स्मृति में स्थापित साईं मंदिर का 12वां स्थापना दिवस सोमवार 23 फरवरी को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में भव्य पालकी यात्रा निकाली गई, जिसमें बाजेगाजे और आतिशबाजी के साथ श्रद्धालु शामिल हुए। पालकी यात्रा के पश्चात मंदिर परिसर में विधि.विधान से हवन एवं पूजा.पाठ का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं के लिए खीर और खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया तथा दोपहर में भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। विदित हो कि महापौर जीवर्धन चौहान ने वर्ष 2014 में अपने माता-पिता की स्मृति में इस साईं मंदिर की स्थापना की थी। तब से प्रतिवर्ष 23 फरवरी को स्थापना दिवस के अवसर पर नगर में भव्य पालकी यात्रा निकाली जाती है। इस पालकी यात्रा में स्थानीय महिलाओं, पुरुषों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रहती है।

### घर में घुसकर मारपीट करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार



**अकलतरा।** घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, 8 फरवरी की रात करीब 9:30 बजे कोटमीसोनार निवासी शुभम यादव के घर में आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते घुसकर गाली-गलौज और मारपीट की। बीच-बचाव करने पर उनकी मां के साथ भी मारपीट की गई। मामले में थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 83/26 के तहत विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को उनके घर से पकड़ लिया। पूछताछ में जुर्म स्वीकार करने पर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।गिरफ्तार आरोपियों में विजय कुमार केंवट उम्र 39 वर्ष, कन्या कुमारी केवट उम्र 36 वर्ष, रामेश्वर उर्फ परमेश्वर केंवट उम्र 28 वर्ष और अजय केंवट उम्र 38 वर्ष शामिल हैं। प्रकरण में एक विधि-विरुद्ध बालक की संलिप्तता भी सामने आई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक भास्कर शर्मा एवं एएसआई राजेंद्र सिंह क्षत्रिय, पुलिस सहायता केंद्र कोटमीसोनार का योगदान रहा।

## निरीक्षण के लिए तय किया गया है 21 पाइंट, स्कूलों में हो रही है तैयारी

# एनईपी 2020 के मानकों में पीएमश्री स्कूल खरे उतर रहे या नहीं, केंद्रीय टीम करेगी जांच

**हर साल लाखों का मिलता है फंड, इसका उपयोग की भी होगी जांच**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में संचालित पीएमश्री स्कूलों की जांच होगी। यह जांच केंद्रीय टीम करेगी। जांच टीम में सचिव स्तर के अधिकारी शामिल हैं। यह टीम स्कूलों में कभी भी पहुंच सकती है। याने अचानक ही जांच करने टीम पहुंचने वाली है। इसके लिए प्रशासन और शिक्षा विभाग की टीम भी अलर्ट हैं। सभी शिक्षकों को समय पर बुलाया जा रहा है और किसी को समय से पहले जानें नहीं दी जा रही है। दूसरी ओर यह टीम एनईपी 2020 के मानकों में पीएमश्री स्कूल खरे उतर रहे हैं या नहीं इसकी जांच करेगी।

पीएमश्री स्कूल बनने के बाद पहली बार केंद्रीय टीम जांच के लिए पहुंच रही है। यह टीम कब आएगी किसी को पता नहीं है। याने जब भी पहुंचेगी तो अचानक। इसके कारण शिक्षा विभाग के अधिकारी अभी हर समय अलर्ट मोड में हैं। जानकारी के अनुसार इसके लिए कुछ पाइंट तय किया गया है। इन बिंदुओं को लेकर टीम रिव्यू करेगी। इसमें कंम्प्यूटर लैब, स्मार्ट कक्षाएं, व्यावसायिक कौशल, इंटरनेट सुविधा, फर्नीचर और किताबों के विविध का संग्रह के साथ पुस्तकालय जिसमें पुस्तकों को जारी करने की एंट्री पूरी कंम्प्यूटरीकृत हो। पूरी तरह से सुसज्जित एकीकृत विज्ञान प्रयोगशाला में भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान प्रयोगशाला शामिल हो। खुल सुविधाएं, ग्रीन स्कूल, नवाचार परिषद समेत अन्य पाइंट शामिल है।




### स्वच्छता पर रहेगा विशेष फोकस

जानकारी मिली है केंद्रीय टीम स्वच्छता को लेकर विशेष फोकस करने वाली है। इसमें स्वच्छ पेयजल, पूर्ण कार्यशील हाथ धोने की सुविधा और शौचालय, लड़कियों के शौचालय जिसमें सेनिटरी पैड के लिए कार्यात्मक वेडिंग मशीन और इन्किनरेटर की सुविधा होना जरुरी है। इसके साथ ही लड़कियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन भी जरुरी है। मार्गदर्शन और कैरियर परामर्श को विशेष तौर पर फोकस किया जाएगा।

### 14 पीएमश्री स्कूल संचालित हैं जिले में

जिले में 14 पीएमश्री स्कूल संचालित हैं। इसमें 7 प्रायमरी और 7 हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल है। हर ब्लॉक में एक –एक प्राइमरीह और एक-एक हायर सेकंडरी बतौर पीएमश्री संचालित हैं। केवल पुसौर ब्लॉक ही एक ऐसा ब्लॉक है जहां के कोड़ातराई स्कूल को पीएमश्री बनाया गया है। बाकी ब्लॉक स्तर पर पीएमश्री बनाया गया है। हालांकि इसमें प्राइमरी स्कूल के लिए यह मापदंड लागू नहीं होता है। प्राइमरी में तमनार के प्राइमरी स्कूल बरपाली, बासनपाली, फगुरम, कोईलंगा, लोढ़ापानी, नगोई और नकना शामिल है। इसी तरह हायर सेकेंडरी में नगरपंचायत धरमयजगढ़, घरघोड़ा, लैलूंगा और नगरनिगम क्षेत्र में नटवर स्कूल के अलावा पुसौर के कोड़ातराई, तमनार समेत एक अन्य हायर सेकेंडरी स्कूल को पीएमश्री बनाया गया हे।

जिले में संचालित पीएमश्री स्कूलों का रिव्यू के लिए केंद्रीय टीम आने वाली है। कई पाइंट्स है, इसके आधार पर स्कूलों की रिव्यू करेंगे।
**अभिजीत पठारे,**
सीईओ जिला पंचायत

### गांव के कोटवार दर्ज कर रहे हैं मुसाफिरी

**रायगढ़।** सुदूर वनांचल क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने ग्राम छाल पहुंचकर पंचायत स्तर की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से कोटवार द्वारा संधारित किए जाने वाले मुसाफिर रजिस्टर का अवलोकन किया और इसे ग्राम स्तरीय प्रशासन का महत्वपूर्ण दस्तावेज बताते हुए इसकी अनिवार्यता और उपयोगिता बताया गया। बैठक में कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर कोटवारों के माध्यम से संधारित होने वाले मुसाफिर, पलायन रजिस्टर को अपडेट रखने के निर्देश भी दिए गए थे। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ग्राम छाल में इस महत्वपूर्ण रजिस्टर की जांच भी की। उन्होंने कहा कि मुसाफिर रजिस्टर केवल औपचारिक अभिलेख न रहकर ग्राम में आने.जाने वाले व्यक्तियों की जानकारी, गतिविधियों और आपातकालीन समन्वय का आधार होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि रजिस्टर में सभी आवश्यक प्रविष्टियां नियमित रूप से की जाएं तथा इसे अद्यतन स्थिति में रखा जाए। कलेक्टर ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी ;राजस्वद्ध को निर्देशित किया कि अपने.अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में कोटवारों द्वारा मुसाफिर रजिस्टर एवं अन्य आवश्यक पंजियों का अनिवार्य रूप से संधारण सुनिश्चित कराया जाए।

## ई.ऑफिस के लिए दी गई ट्रेनिंग प्रशासनिक कार्यों में आएगी तेजी



**रायगढ़।** जिले के सभी विभागों एवं कार्यालयों में ई.ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए आज जिला कलेक्टोरेट स्थित सृजन सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यप्रणाली को डिजिटल माध्यम से अधिक पारदर्शी, समयबद्ध एवं दक्ष बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एडीएम ने कहा कि ई.ऑफिस प्रणाली शासन की प्राथमिकता में शामिल एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे विभागीय कार्यों में पारदर्शिता आएगी तथा फाइलों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब की समस्या समाप्त होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे ई.ऑफिस एवं अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म का अधिकतम उपयोग करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल ने राज्य शासन द्वारा जारी दिशा.निर्देशों को गंभीरता से समझने और उनका अक्षरशः पालन करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रणाली को अपनाने से न केवल कार्यों की निगरानी आसान होगीए बल्कि जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। राज्य स्तर से आए प्रशिक्षक अमितेश शुक्ला एवं विश्वास निगम ने ई.ऑफिस के संचालन की तकनीकी बारीकियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान फाइल मूवमेंट, ई.नोटशीट तैयार करना, दस्तावेजों का डिजिटल संधारणए सुरक्षा एवं गोपनीयता प्रोटोकॉल, लॉगिन प्रक्रिया, डिजिटल हस्ताक्षर तथा अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी बिंदुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

# बसनाझर के ग्रामीणों ने कहा- अवैध महुआ शराब बिक्री पर रोक लगा दें साहब, कई लोगों की हो चुकी है मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सोमवार को जनदर्शन में बसनाझर के ग्रामीणों ने गांव में चल रहे अवैध महुआ शराब के कारोबार को बंद कराने की गुहार लगाई। उन्होंने कलेक्टर से कहा कि साबह गांव में कुछ लोग अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर बिक्री कर रहे हैं। जिससे गांव की शांति व्यवस्था प्रभावित हो रही है तथा शराब सेवन के कारण कई लोगों की असमय मृत्यु भी हो चुकी है।

कलेक्टर के आश्वासन से ग्रामीण लौट तो गए हैं, लेकिन यह असंभव काम होगा या नहीं इसे लेकर असमंजस की स्थिति भी है। तहसील लैलूंगा के घियारमुड़ा निवासी जंगलू राम मांझी ने कब्जा कास्त की भूमि की ऋण पुस्तिका प्रदान किए जाने हेतु आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि वे पिछले लगभग 60 वर्षों से उक्त भूमि पर कृषि कार्य कर रहे हैं। कलेक्टर ने सभी आवेदक की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में पेंशन, आवास योजना, राशन कार्ड, पेयजल, सड़क एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए।



तहसील खरसिया के ग्राम कुरुभांठा निवासी रामेश्वरी पटेल आर्थिक सहायता की मांग लेकर जनदर्शन में पहुंचीं। उन्होंने बताया कि वे दिव्यांग हैं, जिसके कारण बाहर जाकर कार्य करना उनके लिए संभव नहीं है। उन्होंने घर पर ही दोना-पत्तल निर्माण मशीन स्थापित कर स्वरोजगार प्रारंभ करने की इच्छा जताई तथा इसके लिए आर्थिक सहयोग की मांग की। रायगढ़ के छोटे अतरमुड़ा निवासी श्रीमती ईश्वरी चौहान ने अभ्युदय पीएम अजय योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति रायगढ़ द्वारा उनका आवेदन भारतीय स्टेट बैंकए इतवारी बाजार शाखा में प्रेषित किया गया हैए किंतु शाखा स्तर पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### गांधी गंज के पार्किंग में कर दिया है घेराव


रमेश अग्रवाल ने गांधी गंज स्थित सार्वजनिक पार्किंग स्थल के अवैध घेराव को हटाने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उक्त शासकीय भूमि को पार्किंग स्थल घोषित किया गया है, किंतु एक व्यक्ति द्वारा बांस से घेराव कर अन्य लोगों को वाहन खड़ा करने से रोका जा रहा है, जिससे आमजन को असुविधा हो रही है। वार्ड क्रमांक 42 के निवासियों ने क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए विद्युत खंभे की स्थापना तथा आरसीसी सड़क निर्माण की मांग की। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर संबंधित एसडीएम एवं विभागीय अधिकारियों को आवश्यक जांच कर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# शटर तोड़कर लाखों की मोबाइल चोरी पहचान छुपाने चोरों ने लगाया था नकाब

**दुकान के भीतर बेफिक्र होकर निकाल रहे सामान, सीसीटीवी में आ रहे नजर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा थाना क्षेत्र में एक मोबाइल दुकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात नकाबपोश चोरों ने लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना ग्राम कुडुमकेला के तेलीपारा निवासी 31 वर्षीय सेतराम साव की साव कंप्यूटर एंड मोबाइल नामक दुकान में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेतराम साव सड़कपारा मेन रोड स्थित अपनी दुकान को 15 फरवरी की रात करीब सवा 8 बजे रोज की



तरह बंद कर घर चले गए थे। देर रात अज्ञात 4.5 चोरों ने दुकान के शटर का ताला लोहे की रॉड से तोड़ दिया और अंदर घुस गए। चोरों ने दुकान में रखे नए और पुराने मोबाइल फोन एक.एक कर बैग में भर लिए और मौके से फरार हो गए।

चोरी की यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि सभी चोरों ने अपने चेहरे कपड़े से ढक रखे थे। हैरानी की बात यह रही कि जाते समय चोर सीसीटीवी कैमरा भी अपने साथ ले गएए लेकिन वहीं छोड़ गए। इसी में पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गईए जो अब पुलिस के लिए अहम सबूत साबित हो सकती है। घटना के बाद पीड़ित दुकानदार सेतराम साव ने घरघोड़ा थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और तलाश में जुट गई है। इलाके में इस घटना के बाद व्यापारियों में दहशत का माहौल है, वहीं लोग आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

# मैरिज गार्डन के पास मारपीट एक आरोपी गिरफ्तार

**हुलिया बदलकर घूम रहा था आरोपी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते साल 24-25 मई की रात थाना चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत विजयम उत्सव मैरिज गार्डन के पास युवक के साथ मारपीट की गंभीर घटना सामने आई थी। घटना के संबंध में पीड़ित युवक द्वारा थाना चक्रधरनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।



- बलवा और एट्रोसिटी एक्ट में भेजा गया न्यायिक रिमांड पर

रिपोर्ट में युवक ने बताया कि दिनांक 24 मई को वह अपनी दीदी के घर ग्राम लामीदरहा गया था। रात्रि लगभग 1.30 बजे लौटते समय विजयम उत्सव मैरिज गार्डन के पास कुछ लड़कों ने मोटरसाइकिल एवं स्कूटी से उसका रास्ता रोक लिया। आरोपियों में मनीष बिहारी, बबलू दास महंत, अंकुल ठाकुर एवं अन्य साथी शामिल थे। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हाथ.मुक्कों एवं हथियारों से मारपीट की। पीड़ित ने बताया कि वह किसी तरह जान बचाकर मौके से भागा और अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित द्वारा यह भी बताया गया कि आरोपियों ने उसे विशेष वर्ग का सदस्य जानते हुए अपमानित कर मारपीट की। प्रकरण में थाना चक्रधरनगर में धारा 126,2, 396, 351,3, 118,1, 191,2, 191,3, 190 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। साथ ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारणद्ध अधिनियम की धारा 3,2,अ,क जोड़ी गई। 20 फरवरी की रात मारपीट में शामिल आरोपी अंकुल ठाकुर उर्फ अंशुल ठाकुर को शहर में घूमते देखा गया। चक्रधरनगर पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी पुलिस से बचने अपना हुलिया पूरी तरह बदल लिया था बाल और दाढ़ी बढ़ा ली थी। गिरफ्तार आरोपी में अंकुल ठाकुर उर्फ अंशुल ठाकुर पिता शिवदास ठाकुर 35 निवासी जूटमिल लेबर कॉलोनी ने ने पूछताछ में अपराध स्वीकार किया है। उसे न्यायिक रिमांड पर भेजकर जेल दाखिल किया गया है।

## एसईसीएल साइड में प्रस्तावित मरीन ड्राइव और निर्माणाधीन स्टॉप डैम का कलेक्टर ने लिया जायजा

# ऑक्सीजोन का काम 10 दिन में पूरा करने का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने इतवारी बाजार में तैयार हो रहे ऑक्सीजोन का निर्माण 10दिनों पूरा करने का अल्टीमेटम दे दिया है। यदि ऐसा नहीं हुआ तो कार्रवाई के लिए तैयार रहने भी कहा है। कलेक्टर नगर निगम क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिने पहुंचे थे। उन्होंने मौके पर पहुंचकर कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रायगढ़ के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस दौरान कलेक्टर इतवारी बाजार क्षेत्र में निर्माणाधीन ऑक्सीजोन का



निरीक्षण किया और आगामी दस दिनों के भीतर कार्य पूर्ण करने की सख्त समय-सीमा तय की। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न होने पर जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल हरियाली बढ़ाने का प्रयास नहींए बल्कि शहरवासियों को स्वच्छ हवाए स्वास्थ्यवर्धक वातावरण और बच्चों के लिए सुरक्षित खेल परिसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण हों। कलेक्टर ने वार्ड क्रमांक 1 स्थित दूध डेयरी क्षेत्र में निर्माणाधीन ऑक्सीजोन का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि आगामी आठ महीनों के भीतर ऑक्सीजोन और प्लेग्राउंड का निर्माण पूर्ण कर नागरिकों को समर्पित किया जाए। इसके बाद कलेक्टर कलेक्टर ने शहर की जीवनरेखा केलो रिवर के पुनरुद्धार के तहत बनाए जा रहे मरीन ड्राइव का भी गहन निरीक्षण किया। न्यू शनि मंदिर से कायाघाट तक निर्माणाधीन हिस्से की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने मुख्य सड़क और मरीन ड्राइव का कार्य आगामी बरसात को ध्यान में रखते हुए 30 जून से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। एसईसीएल साइड में प्रस्तावित मरीन ड्राइव और निर्माणाधीन स्टॉप डैम का भी निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

खबर संक्षेप

## सीआरएम ऋण सहकारी समिति की साधारण बैठक




**राउरकेला।** कोल्ड रोलिंग मिल सीआरएम ऋण सहकारी समिति की 51वीं वार्षिक साधारण बैठक 22 फरवरी को सेक्टर 2 स्थित शहनाई मंडप में प्रदीप बेहरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आरएसपी के जीएम डी. बनर्जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आरएसपी के एजीएम प्रशांत भूक्षी और बिपिन रावत सम्मानित एवं विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसके अतिरिक्त मैनेजर आरके पांडा भी अतिथि के रूप में मंचासीन थे। समिति सदस्य एस किस्कू तथा सचिव अजय मलिक भी मंच पर उपस्थित थे। मंच संचालन कोषाध्यक्ष निर्मल चंद्र मलिक द्वारा किया गया। सभा में मनोज दास, विक्रम पांडा, रोमांस नायक, अरुण परिडा, मनोज मंगराज, कालीचरण दास, सुरज सराफ, रवींद्र बेहरा, प्रदोश पांडा, अमिताभ महांति, पद्मान महापात्र, पीतवास भोई, प्रदीप पाणिग्राही, त्रिनाथ पटुआ, शरत नायक, बेणुधर त्रिपाठी, हीरालाल पांडे, चिन्मय पटनायक, चित्तरंजन नायक, गणेश तिग्गा, संजय महांति, बिपिन पाढ़ी, प्रशांत तिरकी, चंद्रभानु महांति, एम अंसारी, केसी पांडा, पांडव मलिक ललित सुंदर जेना सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

## 75वीं ओडिशा पुलिस हॉकी चैंपियनशिप का आगाज



**राउरकेला।** सात वर्षों के लंबे अंतराल के बाद 75वीं ओडिशा पुलिस हॉकी चैंपियनशिप 2025-26 का भव्य शुभारंभ ऐतिहासिक बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन राउरकेला पुलिस द्वारा किया जा रहा है जिससे पूरे पुलिस महकमे में उत्साह और उमंग का माहौल बना हुआ है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डीआईजी पश्चिमी रेंज बृजेश कुमार राय रहे। साथ में एसपी राउरकेला नितेश वाधवानी, एसपी सुंदरगढ़ अमृतपाल कौर तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना, अनुशासन तथा टीमवर्क के महत्व पर जोर दिया। तीन दिवसीय इस चैंपियनशिप में कुल 15 टीमें, 320 खिलाड़ी और लगभग 50 अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य पुलिस बल में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना, आपसी समन्वय मजबूत करना और शारीरिक दक्षता को प्रोत्साहित करना है। आयोजकों के अनुसार 24 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाला भव्य फ्लडलाइट फाइनल मुकाबला इस चैंपियनशिप का मुख्य आकर्षण होगा।

## जिला स्तरीय सत्संग प्रतियोगिता आयोजित

**राउरकेला।** रघुनाथपाली विधायक दुर्गाचरण तंती सेक्टर 14 स्थित एकल कार्यालय में उपस्थित होकर विधायक फंड से निर्मित नवीन समूह केंद्र का लोकार्पण किया। इसके पश्चात कार्यालय परिसर में जिला स्तरीय सत्संग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुआंरमुंडा, नुआगांव, राजगांगपुर, बिसरा, कुतरा, लहुणीपाड़ा, गुरुण्डिया और लाठीकटा क्षेत्रों से आए लगभग 300 कलाकारों ने नृत्य और संगीत के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में आकाशवाणी के संगीत निर्देशक रमेश सुना विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। उनके द्वारा छामुंडा दल को सर्वश्रेष्ठ दल के रूप में चयनित किया गया। चयनित कलाकार आगामी 28 तारीख को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम का संचालन व्यास कथाकार श्याम, संपत्ति, जयकुमारी तथा अभियान के सभी कार्यकर्ताओं के संयोजन में संपन्न हुआ।

## छाल-खरसिया सड़क के लिए 15 करोड़ स्वीकृत

**छाल।** रायगढ़ जिले के छाल से खरसिया मार्ग के सुदृढ़ीकरण की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा लगभग 4.5 किलोमीटर लंबी इस सड़क के कायाकल्प के लिए 15.34 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। इस निर्णय से स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों को जर्जर सड़क की समस्या से निजात मिलेगी। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष डोलनारायण पटेल ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह सड़क क्षेत्र की जीवनरेखा है, जिसके सुदृढ़ीकरण से व्यापारए शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बेहद सुगम हो जाएगी साथ ही आवागमन में आसानी के साथ.साथ क्षेत्रीय आर्थिक विकास में भी तेजी आएगी। मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए मंडल अध्यक्ष पटेल ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ग्रामीण अंचलों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह स्वीकृति इसी संकल्प का परिणाम है।

# जशपुर की अमराई में आई आम के बौरों की बहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले की अमराइयों में इन दिनों आम के बौरों की खुशबू महक रही है। पिछले कुछ वर्षों की तुलना में इस वर्ष आम के पेड़ों पर मंजरियाँ अधिक सघन, स्वस्थ और भरपूर दिखाई दे रही हैं। दशहरी, लंगड़ा, चौसा और आम्रपाली जैसी प्रमुख प्रजातियों के वृक्ष सफेद-पीले फूलों से पूरी तरह आच्छादित हो चुके हैं, जिससे किसानों में रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद जगी है। जिले में वर्तमान में लगभग 5 हजार 410 हेक्टेयर क्षेत्र में आम की खेती की जा रही है। इस वर्ष अनुकूल मौसम और बेहतर मंजरियों के कारण उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना व्यक्त की जा रही है। सहायक संचालक उद्यान श्री करण सोनकर ने बताया कि यदि किसान तकनीकी प्रबंधन के उपायों को समय पर अपनाएं, तो आम की उपज में 20 से 30 प्रतिशत तक वृद्धि संभव है, जिससे किसानों की आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। जशपुर का आम अपनी मिठास और गुणवत्ता के कारण प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी भेजा जाता है। श्री सोनकर ने किसानों से अपील की है कि वे अपने बागानों का नियमित निरीक्षण करें और आवश्यकता पड़ने पर उद्यान विभाग से तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त करें, ताकि फसल को रोग एवं कीटों से सुरक्षित रखा जा सके।

**5 हजार 410 हेक्टेयर में रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद**



**एंथ्राकनोज रोग की आशंका**

बौर पर काले धब्बे दिखने पर एंथ्राकनोज रोग की आशंका रहती है, जिसके नियंत्रण हेतु कार्बेन्डाजिम या कॉपर ऑक्सीक्लोराइड का छिड़काव करना चाहिए। बौर आने के समय नाइट्रोजन युक्त उर्वरक जैसे यूरिया का उपयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे फूल झड़ सकते हैं। फूलों के झड़ने को रोकने और फल सेटिंग सुधारने के लिए बोरान एवं पोटैशियम नाइट्रेट का छिड़काव लाभदायक है। जब फल मटर के दाने के बराबर हो जाएं, तब प्लानोफिक्स का छिड़काव करने से फलों का गिरना कम किया जा सकता है। उद्यानिकी विभाग का मानना है कि यदि किसान समय पर वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाएं, तो इस वर्ष जशपुर जिले में आम उत्पादन नए कीर्तिमान स्थापित कर सकता है।


### किसानों के लिए आवश्यक सलाह

उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों को आम की बेहतर पैदावार हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं। बौर आने की अवस्था में सिंचाई रोक देना चाहिए और तब तक पानी नहीं देना चाहिए, जब तक बौर पूरी तरह न खिल जाएं। अधिक सिंचाई से नई पत्तियां निकलने लगती हैं, जिससे बौर झड़ने की आशंका बढ़ जाती है। जब फल मटर के दाने के बराबर हो जाएं, तब हल्की सिंचाई प्रारंभ कर मिट्टी में नमी बनाए रखना उचित है। फूल खिलने की अवस्था में कीटनाशकों का छिड़काव नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे परागण करने वाली मधुमक्खियों को नुकसान पहुंचता है। यदि मैंगो हॉपर का प्रकोप अधिक हो, तो शाम के समय इमिडाक्लोप्रिड का छिड़काव किया जा सकता है। यदि बौर पर सफेद पाउडर जैसा लक्षण दिखाई दे, तो यह पाउड्री मिल्डियू का संकेत हो सकता है। ऐसी स्थिति में घुलनशील गंधक का छिड़काव लाभकारी रहेगा।

### मकान निर्माण के लिए गिराई गई थी मिट्टी

# नहर में गिरा तेज रफ्तार ट्रैक्टर, चालक की मौत





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के बगीचा क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नगर पंचायत बगीचा के भट्ठीकोना रोड स्थित नहर में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर जा गिरा, जिससे ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नीलेश्वर यादव 7 उम्र 22 वर्ष पिता दुबराज यादव, निवासी खरीडांड के रूप में हुई है।

■ रास्ता सकता होने से ट्रैक्टर हुआ अनियंत्रित

बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 14 एमक्यू 5606 सड़क से गुजर रही थी, तभी अचानक वाहन अनियंत्रित होकर सीधे नहर में जा गिरी और चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के वार्डवासी बड़ी संख्या में मौके पर इकट्ठा हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बगीचा पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया। हाइड्रा मशीन की सहायता से ट्रैक्टर और चालक के शव को नहर से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।

### सड़क पर डम्प मिट्टी बनी हादसे की वजह

स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क पर मकान निर्माण के लिए मिट्टी डम्प की गई थी, जिससे सड़क संकरी हो गई थी। सड़क के एक ओर मिट्टी का ऊंचा ढेर था और दूसरी ओर गहरी नहर। ऐसे में तेज रफ्तार ट्रैक्टर के लिए रास्ता बेहद जोखिम भरा हो गया और वाहन सीधे नहर में जा गिरी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क पर मिट्टी डम्प कर रास्ता बाधित नहीं किया गया होता, तो यह दुखद हादसा टाला जा सकता था।

### स्थानीय लोगों की मांग

लोगों ने मांग की है कि जिन लोगों द्वारा सड़क को अवरुद्ध कर दुर्घटना की स्थिति पैदा की गई, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए आसपास के लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है और प्रशासन की लापरवाही को लेकर लोगों में नाराजगी भी देखी जा रही है।



# मवेशियों से भरे पिकअप को पुलिस ने पकड़ा, तस्कर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

पुलिस ने बीती रात बहनाटांगर ग्राम से मवेशियों से भरे पिकअप को पकड़ा है। मवेशी तस्कर पुलिस पकड़ से बाहर हैं। पिकअप में 10 नग मावेशियों को बेरहमी पूर्वक ठूंस कर भरा गया था।

मौके पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही पुलिस को देखते ही तस्कर फरार हो गए। पुलिस ने पिकअप को थाने लाकर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। जिले में मवेशी तस्कर मवेशी तस्करी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। जिले में प्रतिदिन कोई ना कोई मवेशी तस्करी का मामला सामने आता रहा है।

पूर्व पुलिस कप्तान शशि मोहन सिंह द्वारा मवेशी तस्करी पर काफी हद तक विराम लगाने में सफलता प्राप्त की थी लेकिन उसके स्थानांतरण के बाद मवेशी तस्कर फिर से सक्रिय हो चुके हैं एवं मवेशी तस्करी को बहुत जोर-जोर से अंजाम देने में लगे हुए हैं।

## बीएसएनएल और एसएआईएल के करोड़ों के केबल चोरी, स्क्रैप माफिया सक्रिय

**राउरकेला।** ओडिशा के औद्योगिक शहर राउरकेला में भारतीय दूरसंचार निगम लिमिटेड के अधीन बिछाए गए लाखों-करोड़ों रुपये मूल्य के तांबे के केबल बड़े पैमाने पर चोरी हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों और सूत्रों के अनुसार, रातों-रात चोरों के संगठित दल कई मीटर लंबे केबल उखाड़कर ले जा रहे हैं, जिससे दूरसंचार सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। शहर के विभिन्न इलाकों में बीएसएनएल के भूमिगत और ऊपरी केबल नेटवर्क को निशाना बनाया जा रहा है। तांबे की बढ़ती कीमतों के कारण ये केबल स्क्रैप माफियाओं के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुके हैं। चोर पहले तांबे के तार काटते हैं, फिर इन्हें स्क्रैप के रूप में बेच देते हैं। सूत्र बताते हैं कि कुछ मामलों में स्थानीय थानों की मिलीभगत या लापरवाही के कारण चोर बेखौफ होकर यह वारदात अंजाम दे रहे हैं। बीएसएनएल प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई या आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, जिससे आम जनता में रोष बढ़ रहा है। इसी तरह, राउरकेला स्टील प्लांट द्वारा बिछाए गए हजारों मीटर केबल और ऑप्टिकल फाइबर का भी यही हाल है। प्लांट के परिसर और आसपास के क्षेत्रों में कई सौ करोड़ की लागत से स्थापित इंफ्रास्ट्रक्चर को स्क्रैप माफियाओं ने निशाना बनाया हुआ है। तांबे की कीमतों में अकूत वृद्धि ने इन चोरियों को और प्रोत्साहित किया है।

## पानपोष में ब्राह्मणी नदी तट पर चला स्वच्छता अभियान

**राउरकेला।** संत निरंकारी मिशन के प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन अभियान के तहत व्यापक सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राउरकेला निरंकारी सेवादल परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन समिति ने सभी सेवादल सदस्यों के योगदान के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। रविवारए 22 फरवरी को ब्राह्मणी नदी के पानपोष स्थित हनुमान घाट पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सुबह 7 बजे से 11 बजे तक चले इस अभियान में लगभग 100 से अधिक सेवादल सदस्यों ने श्रमदान कर नदी तट की सफाई की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में ओडिशा के जोनल इंचार्ज बसंत त्रिपाठी, राउरकेला संयोजक रामेश्वर साहू, सेवादल संचालक कुलमणि जेना सहित कार्यकारिणी सदस्य बृजेश महतो, विजय महापात्र, कंडलू प्रधान, संतोष स्वामी आदि उपस्थित रहे। सफाई अभियान के दौरान नदी से निकाले गए कचरे को राउरकेला महा नगर निगम आरएमसी के सहयोग से ट्रैक्टर द्वारा निर्धारित स्थल तक पहुंचाकर निस्तारित किया गया। राउरकेला निरंकारी परिवार ने आरएमसी के सहयोग के लिए भी धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजकों ने कहा कि प्रोजेक्ट अमृत का उद्देश्य केवल जल स्त्रोतों की स्वच्छता ही नहीं, बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सकारात्मक सोच का प्रसार करना भी है।

## प्रधानमंत्री के मन की बात में सुंदरगढ़ के हीरोद की चर्चा

**सुंदरगढ़।** कृषि क्षेत्र में नए कौशल का प्रयोग कर सुंदरगढ़ के युवा किसान हीरोद पटेल काफी चर्चा में रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 131वीं मन की बात कार्यक्रम में उन्हें स्थान मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी खूब प्रशंसा की है और उनकी कृषि शैली को प्रेरणादायक बताया है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि हीरोद के पिता शिवशंकर पटेल पारंपरिक तरीके से धान की खेती करते थे। लगभग 8 साल पहले हीरोद ने कृषि क्षेत्र में अपने पिता की पुरानी पद्धति के साथ कदम रखा था। फिर उन्होंने कृषि में नई सोच और नवीन कौशलों का प्रयोग किया, जिससे उन्हें अधिक उन्नति और लाभ मिला है। सुंदरगढ़ जिले के टांगरपाली ब्लॉक के रतनपुर गांव के हीरोद ने पारंपरिक धान की खेती के साथ केले और मछली पालन शुरू किया। उन्होंने बहुत ही सुंदर तरीके से तालाब में नीचे मछली पालन किया और ऊपर जाली बिछाकर सब्जियां उगाईं। तालाब के चारों ओर केले आम और नारियल के पेड़ लगाए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा है कि इस पद्धति से जमीन का सदुपयोग, जल संरक्षण और आय में वृद्धि हुई है। अब जिले के विभिन्न इलाकों से किसान उनके पास कृषि कौशलों के बारे में प्रशिक्षण और प्रेरणा लेने आते हैं। कृषि में उल्लेखनीय सफलता हासिल करने वाले हीरोद की कृषि पद्धति से सीखने के लिए प्रधानमंत्री ने अन्य किसानों को भी सलाह दी है।

## राउरकेला को ग्रेटर राउरकेला के रूप में विकसित करने की मांग

**राउरकेला।** राउरकेला इंजीनियर्स एसोसिएशन ने रविवार को केंद्रीय मंत्री तथा सुंदरगढ़ सांसद, राजस्व मंत्री ओड़िशा सरकार, राजस्व सचिव तथा विधानसभा उपाध्यक्ष से मुलाकात कर राउरकेला को 'ग्रेटर राउरकेला' के रूप में विकसित करने की मांग रखी। मांगपत्र में शहरी आधारभूत संरचना, पर्यटन और कनेक्टिविटी के व्यापक विकास का प्रस्ताव रखा गया है। इसमें विमानन उन्नयन के तहत 4 सी श्रेणी विस्तार, आईएलएस/एनएलएस प्रणाली को पूर्ण रूप से कार्यान्वित करने की बात कही गई है। साथ ही, मल्टी-मॉडल स्काईवॉक सहित ट्रांजिट मॉल युक्त आईएसबीटी की स्थापना की मांग की गई है। स्टील कॉरिडोर के तहत ग्रामीण सीमा को परिभाषित करने वाली 140 किलोमीटर लंबी बाहरी रिंग रोड के निर्माण का प्रस्ताव भी शामिल है। शहर के भीतर यातायात सुधार के लिए मेट्रो-लाइट/ट्राम कॉरिडोर तथा स्मार्ट लास्ट-माइल कनेक्टिविटी विकसित करने की बात कही गई है। रेलवे सशक्तिकरण के अंतर्गत ईस्ट कोस्ट रेलवे के अधीन राउरकेला रेल डिवीजन मुख्यालय की स्थापना तथा नई रेल टर्मिनल रणनीति के साथ न्यू राउरकेला सिटी स्टेशन के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया है। शहर की विरासत को संरक्षित करने हेतु नदी तट कॉरिडोर, रिवरबैंक रिंग रोड और जलतट पर्यटन क्षेत्र विकसित करने की मांग की गई है।

# बस्तीवासियों को मिले स्वस्थ जीवन के टिप्स



**राउरकेला।** शहर स्थित रेलवे कॉलोनी में शहरांचल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपाबंधु पल्ली की ओर से गैर संचारी रोग एनसीडी पहचान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सहयोग से रेलवे कॉलोनी एवं गोपाबंधु अंचल की विभिन्न बस्तियों के निवासियों के लिए लगाया गया। विभागीय पदाधिकारी शक्ति प्रसाद पाढ़ी के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पुरुषों एवं महिलाओं की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की। वहीं डॉ. इतिश्री सामंत एवं डॉ. अन्वेषा ने उपस्थित लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित आवश्यक सुझाव दिए। शिविर के दौरान कुल 86 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार दवाइयों का वितरण भी किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं अन्य गैर संचारी रोगों की समय पर पहचान से गंभीर बीमारियों को रोका जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपाबंधु पल्ली और रेलवे कॉलोनी की आशा कर्मियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा स्वास्थ्य कर्मी उत्कलिका महंती की सक्रिय भूमिका रही।

# तमनार में अखिल भारतीय अघरिया समाज का 53वां वार्षिक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र तमनार का 53 वां वार्षिक सम्मेलन 2026 बाल सभा लालपुर खार परिक्षेत्र पेलमा में 22 फरवरी को राष्ट्रीय महासचिव बिहारी लाल पटेल के मुख्य आतिथ्य क्षेत्रीय अध्यक्ष यादलाल नायक के अध्यक्षता एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों सहित 6 चौधरी 18 नायक 60 पटेल गोत्र के सैकड़ो युवा महिला व सामाजिक बंधुओ की उपस्थिति में हर्षोल्लास से संपन्न हुआ।

■ अघरिया समाज की नियमावली रीति नीति का परिपालन करें



सर्वप्रथम इष्टदेव श्रीकृष्ण भगवान की पूजा अर्चना कन्हैया जय अघरिया जयघोष के साथ अतिथियों एवं क्षेत्रीय पदाधिकारीगणो का पुष्पहार से भव्य स्वागत पश्चात स्वागत उद्बोधन हेमलाल पटेल, वार्षिक महासचिव प्रतिवेदन तेज राम नायक द्वारा सामाजिक प्रकरण, विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई एवं कोषाध्यक्ष हेमलाल पटेल द्वारा सारगर्भित वार्षिक आय व्यय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि बिहारी लाल पटेल ने कहा कि अघरिया समाज की रीति नीति एनियमावली का परिपालन करे। हमारा खान पान संस्कृति सभ्यता विशेष पहचान है।

अघरिया समाज कृषि व्यवसाय, सामाजिक, राजनीतिक, शिक्षा स्वास्थ्य में कीर्तिमान हासिल कर रहा है। युवाओ एवं महिलाओं की समाजिक गतिविधियों में सहभागिता हेतु आव्हान किया गया। संयोजक दिनेश चौधरी, रामलाल पटेल अध्यक्ष हिमगिर, राजेश नायक अध्यक्ष रायगढ़ ग्रामीण, रामअवतार पटेल अध्यक्ष रायगढ़, यदुमणी पटेल अध्यक्ष लैलूंगा, लक्ष्मण पटेल अंचल प्रभारी, लक्ष्मीनारायण चौधरी, उसत पटेल, परमानन्द पटेल, किंकर प्रसाद चौधरी, कमल पटेल, रामकुमार पटेल, भीम नायक सम्मेलन में अन्य वक्ताओं द्वारा सामाजिक एकता, सुदृढता, युवक युवतियों की विवाह, उत्थान संगठन की मजबूती हेतु युवा महिलाओं की सहभागिता सर्वांगीण विकास में योगदान देने आग्रह किया गया।

# सीजीसी यूनिवर्सिटी के 50 करोड़ के स्कॉलरशिप का शुभारंभ




**राउरकेला।** नाक, ग्रेड और एन आई आर एफ रैंकिंग की मजबूत विरासत के साथ अग्रणी उच्च शिक्षण संस्थान सीजीसी यूनिवर्सिटी मोहाली ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए 50 करोड़ के सीजी सी यू ई टी स्कॉलरशिप प्रोग्राम का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम राउरकेला स्थित होटल प्रेस्टीज में आयोजित एक विशेष समारोह में लॉन्च किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ राउरकेला के विधायक शारदा प्रसाद नायक तथा विश्वविद्यालय के एडमिशन एवं मार्केटिंग के जनरल मैनेजर डॉण हितेश कलोटा की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर आयोजित प्रिंसिपल्स एवं टीचर्स मीट में क्षेत्र के 70 से अधिक प्रिंसिपल्स और वरिष्ठ शिक्षाविदों ने भाग लिया। वर्ष 2012 में स्थापित पूर्व में सी जी सी झंजेरी के नाम से प्रसिद्ध यह विश्वविद्यालय आज उत्तरी भारत में नई पीढ़ी की अग्रणी यूनिवर्सिटी के रूप में उभरा है। आई आधारित पाठ्यक्रम, उद्योग उन्मुख कार्यक्रम, शोध और नवाचार पर विशेष बल तथा उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड के साथ संस्थान विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर रहा है। वाइब्रेंट कैंपस लाइफ और आधुनिक अधोसंरचना के साथ विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



# ‘द केरल स्टोरी 2’ पर भड़के अनुराग बोले- ‘फिल्ममेकर लालची

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह और उनके बैनर ‘सनशाइन पिक्चर्स’ के सपोर्ट से बनी ‘द केरल स्टोरी 2 – गोज बियॉन्ड’ का ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया, जिसे लेकर अब एक नया विवाद शुरू हो गया है। फिल्म के ट्रेलर में दिखाए गए कुछ सीन्स को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी शुरू हो गई है, खासतौर पर बीफ वाले सीन को लेकर। इस विवाद पर अब बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक अनुराग कश्यप ने भी प्रतिक्रिया दी है और फिल्म की कड़े शब्दों में आलोचना की है। निर्देशक ने कहा कि ‘द केरल स्टोरी पूरी तरह से बकवास है। ये पूरी तरह से प्रोपेगेंडा फिल्म है। मुझे नहीं पता कि इस फिल्म का क्या इरादा है।

## लाइफ Style

# सामंथा

## काम पर की वापसी

एजेंसी ⏭ मुंबई

साउथ इंडियन फिल्मों की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेसेज में से एक सामंथा रुथ प्रभु, बीते कई दिनों से अपनी शादी को लेकर चर्चा में थीं। शादी के बाद वो अपने पति राज निदिमोरु के साथ समय बिता रही हैं।

शादी के बाद और पति संद क्वालिटी टाइम बिताने के बाद एक्ट्रेस ने काम पर भी वापसी कर ली है। सामंथा की शादी के बाद पहली फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। एक्ट्रेस ने खुद नया पोस्टर शेयर कर ये न्यूज फैंस को बताई है। सामंथा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी आगामी फिल्म ‘मा इंटी बंगाराम’ का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर के साथ उन्होंने फिल्म की रिलीज की तारीख भी अनाउंस कर दी है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 15 मई को रिलीज होने वाली है। फिल्म के पोस्टर में सामंथा का साइड फेस दिख रहा है वो एक दीवार के पीछे से झांकती हुई दिख रही हैं। इसे शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने पोस्टर में लिखा, ‘इस गर्मी में थिएटर में मिलते हैं। सामंथा को दोबारा स्क्रीन पर देखने के लिए उनके फैंस काफी एक्साइटेड हैं। जैसे ही एक्ट्रेस ने फिल्म का पोस्टर और रिलीज की तारीख का ऐलान किया इस पोस्ट पर लोगों के कमेंट्स आना भी शुरू हो गए। कई यूजर्स ने लिखा कि वो इस फिल्म के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकते। तो कई लोगों ने लिखा कि आज की सबसे बेस्ट न्यूज है। इस फिल्म के निर्माता सामंथा के पति राज निदिमोरु हैं।




## हॉलीवुड मसाला



# लॉस एंजेलिस में स्पॉट हुईं केंडल

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी सुपरमॉडल और रियलिटी टीवी स्टार केंडल जेनर एक बार फिर अपने स्टाइलिश लुक को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्हें लॉस एंजेलिस में स्पॉट किया गया, जहां उनका स्पोर्टी और चिक अंदाज़ देखने को मिला। इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो 30 वर्षीय केंडल जेनर ने इस दौरान व्हाइट कलर की स्पोर्ट्स ब्रा और मैचिंग लाउंज पैंट पहनी। उन्होंने पैंट की इलास्टिक कमर को थोड़ा मोड़कर पहना, जिससे उनका फिट फिगर और एब्स साफ नजर आ रहे थे।



# किम ने किए फेमस कर्व्स फ्लॉन्ट...

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस किम कार्दशियन अपने स्टनिंग और स्टाइलिश लुक्स से कभी भी लोगों को इम्प्रेस करने से नहीं चूकतीं। हाल ही में उन्होंने यूरोप के एक ट्रिप के बाद अमेरिका लौटते हुए अपने फेमस कर्व्स फ्लॉन्ट किए। इस दौरान किम अपने लुक और स्टाइल से फैंस का खूब दिल जीतती आईं। उनकी ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। होमटाउन कैलाबासस लौटने पर किम कार्दशियन का अंदाज़ किसी रनवे मॉडल से कम नहीं था। उन्होंने ब्लैक लेदर आउटफिट पहना, जिसमें एक छोटा सा टॉप और उसके ऊपर लेदर कोट शामिल था। इस लुक में किम ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।



# टिस्का ने शेयर की मजेदार पोस्ट...

**मुंबई।** अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वे जिंदगी के कुछ खास पलों की यादें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। उन्होंने कुछ ऐसा ही करते हुए एक मजेदार पोस्ट शेयर किया। अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि आराम और काम के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने लिखा, “घर से काम करना सुनने में बहुत अच्छा लगता है, लेकिन जब दो लेखक एक ही डाइनिंग टेबल पर काम करें तो मुश्किल हो जाता है। मुझे समझ आया है कि घर में साफ सीमाएं होना बहुत जरूरी है, ऐसी जगह जहां आप ध्यान से काम कर सकें, समय पर काम खत्म करें, और फिर सुकून से घर जैसा महसूस कर सकें। काम काम की जगह रहे और घर, घर जैसा ही रहे।”



# सोशल मीडिया बैन के सपोर्ट में उतरे...

**मुंबई।** सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल और एआई के बढ़ते चलन से बच्चों पर पड़ रहे नकारात्मक असर की चपेट में बच्चे जल्दी आते हैं, जिसका असर उनके मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और व्यक्तित्व पर पड़ता है। कुणाल कपूर ने बच्चों के सोशल मीडिया एक्सेस पर रोक लगाने का सपोर्ट किया। उन्होंने कहा कि यह कदम ‘एंटी-टेक्नोलॉजी’ नहीं बल्कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए है। कुणाल का कहना है कि सोशल मीडिया के एल्गोरिदम इस तरह बनाए जाते हैं कि बच्चे घंटों स्क्रॉल करते रहें, जिससे उनकी एकाग्रता, नींद और भावनात्मक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। कुणाल ने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक खबर शेयर की, जिसमें लिखा था कि 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने पर सरकार विचार कर रही है।

## टीवी मसाला

# ‘बींदणी’ एक नया और चुनौतीपूर्ण सफर: कुशाग्र

**मुंबई।** टीवी इंडस्ट्री में हर शो में कुछ किरदार ऐसे होते हैं जो दर्शकों का दिल तुरंत जीत लेते हैं, तो कुछ किरदार ऐसे भी होते हैं जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देते हैं। ऐसा ही एक किरदार अभिनेता कुशाग्र



दुआ सन नियो पर प्रसारित होने वाले शो ‘प्रथाओं की ओढ़े चुनरीः बींदणी’ में निभा रहे हैं, जो एक ग्रे शेड रोल है। कुशाग्र दुआ ने बताया कि उन्हें यह शो और किरदार मिलना उनके लिए एक नई जर्नी जैसा है। उन्होंने कहा, ‘शो में मैं ‘गर्व’ नाम के लड़के का किरदार निभा रहा हूं, जो अपनी बुआ, फूफा और उनके बच्चों के साथ रहता है। गर्व की जिंदगी में सबसे बड़ा खालीपन उसके माता-पिता का न होना है। इसी कमी ने उसके भीतर गहरा दर्द और गुस्सा भर दिया है।’ कुशाग्र ने बताया, ‘यही दर्द धीरे-धीरे गर्व को कठोर बना देता है और वह लड़कियों से नफरत करने लगता है। उसे प्यार जैसी भावना पर बिल्कुल भरोसा नहीं है और वह उन लड़कों से भी चिढ़ता है जो प्यार में पड़कर अपना सब कुछ दांव पर लगा देते हैं। गर्व को लगता है कि प्यार के नाम पर लोग जो कुर्बानियां देते हैं, वह सच्चा प्यार नहीं बल्कि मजबूरी और दिखावा है।

# रजनीकांत की जेलर में होगी शाहरुख खान की एंट्री!

**मुंबई।** साउथ सिनेमा में इन दिनों लगातार बड़े एक्टर्स की धमाकेदार फिल्में रिलीज हो रही हैं। इन दिनों यश की टॉक्सिक चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में फिल्म का टीजर आया था, जो कि यूट्यूब पर खूब धमाल मचा रहा है। वहीं, अब रजनीकांत की जेलर 2 को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इस फिल्म का ही दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा ये भी बताया जा रहा है कि रजनीकांत की जेलर 2 में शाहरुख खान भी नजर आने वाले हैं।



दरअसल, शाहरुख खान इस साल बड़े पर्दे पर फिल्म किंग से वापसी करने वाले है, जिसमें उनकी बेटी सुहाना खान और एक्टर अभिषेक बच्चन नजर आएंगे। हालांकि वह किंग के अलावा रजनीकांत की जेलर 2 में भी दिखाई देंगे। रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख खान जेलर 2 में कैमियो रोल में नजर आएंगे। रिपोट्र्स में ये भी बताया गया है कि शाहरुख खान जल्द ही जेलर 2 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। एक्टर इस फिल्म के लिए 7 से 8 दिनों तक शूट करेंगे। बताया जा रहा है कि शाहरुख खान मार्च 2026 में जेलर 2 के सेट पर पहुंच कर अपनी शूटिंग करेंगे। क्योंकि फिल्म का सिर्फ एक हिस्सा शूट होने के लिए बचा है और इस मूवी की लगभग शूटिंग पूरी हो चुकी है। हालांकि शाहरुख खान को लेकर अभी भी मेकर्स ने कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है।

# ‘ड्रैगन’ के एक साल पूरे, कयादू ने जताया आभार

**मुंबई।** साउथ सिनेमा अक्सर अपनी फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीतने में कोई कमी नहीं छोड़ता है। उनकी फिल्मों की स्टोरीलाइन और कलाकारों का काम दर्शकों को बहुत आकर्षित करता है। इसी कड़ी में तमिल सिनेमा की रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म ‘ड्रैगन’ एक ऐसी फिल्म थी, जिसने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। फिल्म के एक साल पूरे होने पर अभिनेत्री कयादू ने इंस्टाग्राम पर खुशी जाहिर की।

उन्होंने फिल्म के सेट से कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा, ड्रेगन को रिलीज हुए 1 साल पूरा हो गया है। यही वो सफर है, जहां से सब कुछ शुरू हुआ था। मुझे अपने दिल में जगह देने और इतने प्यार से अपनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद। पल्लवी हमेशा मेरे लिए खास रहेगी। बहुत-बहुत धन्यवाद और ढेर सारी बधाई। फिल्म को दर्शकों ने काफी सराहा था। वहीं, अभिनेत्री कयादू लोहार के लिए यह फिल्म उनके करियर का बड़ा ब्रेक साबित हुई थी।

तमिल सिनेमा में उनका डेब्यू इसी फिल्म से हुआ था। अश्वथ मरिमुथु द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक कॉमेडी में प्रदीप रंगनाथन लीड रोल में थे और कयादू



लोहार और अनुपमा परमेश्वरन भी अहम रोल में नजर आए थे।

यह फिल्म राघवन की कहानी है, जिसका स्कूल में ब्रेकअप हो जाता है। दिल टूटने के कारण वह पढ़ाई छोड़कर प्यार और ताकत की कमी को पूरा करने के लिए वित्तीय धोखाधड़ी की खतरनाक दुनिया में उतर जाता है। फिर, धीरे-धीरे वह अपने नियंत्रण से बाहर हो जाता है।

# ब्रॉयफ्रेंड संग लंदन की घूम रहीं कृति!

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अक्सर ही अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस की पिछली फिल्म तेरे इश्क में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही है। इसके बाद इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी काफी पसंद किया गया है। इन सभी के बीच कृति ने कबीर बहिया के साथ अपनी डेटिंग की खबरों को हवा दे दी है। एक्ट्रेस का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ नजर आ रही हैं। दरअसल, कृति सेनन अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के हाथों में हाथ डाले हुए लंदन की सड़कों पर घूमते हुए नजर आ रही हैं, जिसके बाद दोनों की डेटिंग की अफवाहें तेज हो गई हैं। यह वीडियो रेडिट पर शेयर किया गया है, जिसमें कृति ब्राउन जैकेट, ब्राउन टॉप और हल्के नीले रंग की जींस पहने हुए नजर आ रही हैं और कबीर ऑल ब्लू को-ऑर्ड पैंट के साथ स्वेटशर्ट में दिख रहे हैं।



## बॉक्स ऑफिस पर मचा दिया था कोहराम

# फिल्मफेयर पुरस्कार में छाई ‘पुष्पा 2’, झोली में गिरे सबसे ज्यादा अवॉर्ड

***मुंबई।*** *साल 2024 में अल्लू अर्जुन की फिल्म ‘पुष्पा 2’ ने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर कोहराम मचा दिया था। फिल्म ने भारत समेत वैश्विक स्तर पर कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। अब फिल्म दक्षिण सिनेमा के 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार में भी छा चुकी है। अभिनेता और उनकी फिल्म ने एक नहीं, बल्कि कई अवॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। तकरीबन 500 करोड़ के बजट में बनी फिल्म की झोली में सबसे ज्यादा अवॉर्ड आए हैं। अल्लू अर्जुन की ‘पुष्पा 2’ ने दक्षिण सिनेमा के 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार समारोह में सबसे ज्यादा अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। तेलुगु भाषा की बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड ‘पुष्पा 2’ को मिला है। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड ‘पुष्पा 2’ के निर्देशक सुकुमार ने अपने नाम किया। इसके साथ बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अल्लू अर्जुन को फिल्म ‘पुष्पा 2’ के लिए ही मिला है।*



### सर्वश्रेष्ठ संगीत एल्बम का अवॉर्ड मिला

इसके अलावा, सर्वश्रेष्ठ संगीत एल्बम का अवॉर्ड ‘पुष्पा 2’ के लिए ही देवी श्री प्रसाद को मिला है। बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन का खिताब भी फिल्म पुष्पा-2 के लिए सेट डिजाइनर रामकृष्ण और मोनिका को मिला है। कुल मिलाकर फिल्म के खाते में 5 अवॉर्ड आए हैं। 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार में किसी दूसरी फिल्म को अलग-अलग कैटेगरी में इतने अवॉड्र्स नहीं मिले हैं।

### वैश्विक स्तर पर किया था 1800 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन

साल 2024 में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन की फिल्म ‘पुष्पा-2’ ने बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई की। फिल्म ने वैश्विक स्तर पर 1800 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया, जबकि भारत में फिल्म सभी भाषाओं में लगभग 1400 करोड़ कमा चुकी है। इसमें हिंदी बेल्ट का बड़ा योगदान रहा था। फिल्म ने पहले ही दिन ‘आरआरआर’ और ‘केजीएफ’ को भी कमाई में पीछे छोड़ दिया था। पहले दिन के ओपनिंग कलेक्शन की बात करें तो ‘आरआरआर’ ने 133 करोड़ और ‘केजीएफ’ ने 116 करोड़ का कलेक्शन किया था, लेकिन ‘पुष्पा-2’ ने पहले ही दिन लगभग 163 करोड़ का कलेक्शन किया, जो दोनों ही फिल्मों से बहुत ज्यादा है।

## खबर संक्षेप

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी पूरी नहीं हुई भर्ती

**रायगढ़।** मेडिकल कॉलेज रायगढ़ की वार्ड बॉय वार्ड आया की भर्ती 8 साल गुजरने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है। 2017 में इसका एग्जाम हुआ था पर चयन समिति के गलत फैसले के कारण हाईकोर्ट में याचिका कर दी गई। 2023 में इसका निराकरण भी हो गया था। इसके बाद 10 नवम्बर 2025 को उच्च न्यायालय के समक्ष डीन द्वारा 6 माह का समय मांगा गया था, पर उच्च न्यायालय ने फटकार लगाते हुए 3 महीने में भर्ती पूरा करने का निर्देश दिया था। इसके बाद चिकित्सा आयुक्त ने भी जल्द भर्ती प्रकिया पूरा करने आदेश दिया ताकि उच्च न्यायालय का आदेश का उलंघन न हो। अब तक मेडिकल कॉलेज ने भर्ती प्रकिया को पूर्ण नहीं किया,। ऐसे में माना जा रहा है कि इन्हें न उच्च न्यायालय के आदेश की परवाह है न चिकित्सा आयुक्त के आदेश का। ऐसे में जो बेरोजगार इस नौकरी की आस में बैठे हैं उनकी सपने पूरे नहीं हो पा रहे हैं।

### दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

**राउरकेला।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में राउरकेला स्थित पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पीसूर्य राव ने आरोपित को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है तथा उस पर 1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में अतिरिक्त दो वर्ष की सजा भुगतनी होगी। अदालत ने 15 गवाहों के बयान 18 दस्तावेजों और सरकारी वकील की सशक्त दलीलों के आधार पर यह निर्णय सुनाया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कुआरमुंडा निवासी किशोर तिर्की 51 के रूप में हुई है। यह जघन्य घटना 9 मार्च 2020 को हुई थी। उस समय साढ़े छह वर्ष की बच्ची घर में अकेले खेल रही थी। आरोपी किशोर ने बच्ची को अकेला पाकर घर में प्रवेश किया और उसके साथ दुष्कर्म कर फरार हो गया। बाद में परिजनों ने इस संबंध में बीरमित्रपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर बीरमित्रपुर पुलिस ने फरार आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### विकास कार्य लंबित सीमावर्ती गांव उपेक्षित

**राउरकेला सुंदरगढ़।** आदिवासी बहुल क्षेत्र के एक गाँव में विकास कार्य लंबे समय से लंबित पड़े हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कागज़ों में कई सरकारी योजनाएँ स्वीकृत होने के बावजूद जमीनी स्तर पर उनका कोई प्रभाव दिखाई नहीं देता। विधानसभा क्षेत्र के समीप स्थित होने के बावजूद यह गाँव मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। ग्रामीणों के अनुसार पेयजल, पक्की सड़क, आवास और बिजली जैसी बुनियादी समस्याएँ आज भी जस की तस बनी हुई हैं। कई परिवारों का नाम सरकारी आवास योजना की सूची में होने के बावजूद उन्हें अब तक घर नहीं मिल पाया है। कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य शुरू तो हुआ, लेकिन अधूरा छोड़ दिया गया। बरसात के मौसम में कच्ची सड़कों के कारण आवागमन बाधित हो जाता है जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक ठोस पहल नहीं हुई। उनका आरोप है कि घोषणाएँ तो की जाती हैं, पर क्रियान्वयन में गंभीरता की कमी है।

### पुलिस कर रही किरायेदारों का सत्यापन

**राउरकेला।** एक महत्वपूर्ण जनसंपर्क पहल के तहत ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कई अहम घोषणाएँ जारी की हैं। माइक्रोफोन प्रचार के माध्यम से की गई सार्वजनिक घोषणा के अनुसार मकान मालिकों को अपने किरायेदारों का पूर्ण विवरण मकान किराए पर देने के सात दिनों के भीतर स्थानीय थाने में जमा करना अनिवार्य होगा। यह कदम रिकॉर्ड को अद्यतन रखने और किसी भी अवैध गतिविधि को रोकने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। किरायेदार सत्यापन के अतिरिक्त थाना क्षेत्र के अंतर्गत संचालित सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी अपने कर्मचारियों का विस्तृत विवरण पुलिस को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

निर्माण में गति लाने निगम के ईई ने ली बैठक

# पीएम आवास का काम समय पर पूरा हुआ तो मिलेगा 32 हजार 850 रूपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों में गति लाने के उद्देश्य से विभिन्न वार्डों के मोर जमीन मोर मकान बीएलसी के हितग्राहियों की एक महत्वपूर्ण बैठक योजना के नोडल अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता अमरेश लोहिया ने ली। बैठक में योजना के तहत निर्माण कार्य की गुणवत्ता, समय सीमा एवं किस्त भुगतान की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान कार्यपालन अभियंता श्री लोहिया ने हितग्राहियों को स्पष्ट रूप से बताया कि आवास निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों एवं तय समय-सीमा में पूर्ण करना अनिवार्य है। समय पर कार्य पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को शासन की ओर से 32850 रूपये तक का अतिरिक्त बोनस दिए जाने की जानकारी भी दी गई। इस पर उपस्थित हितग्राहियों ने समयबद्ध निर्माण पूर्ण कर बोनस राशि का लाभ लेने तथा उससे अपने आवास



बैठक में शामिल हितग्राही और कर्मचारी।

में अतिरिक्त कार्य कराने की बात कही। बैठक में कई हितग्राहियों ने अपनी समस्याएं भी रखीं। उन्होंने बताया कि प्लिंथ लेवल, डोर लेवल एवं लेंटर लेवल तक निर्माण कार्य पूर्ण करने के बावजूद योजना की किस्त समय पर प्राप्त नहीं हो रही है। इस पर कार्यपालन अभियंता श्री लोहिया ने जानकारी दी कि प्रत्येक निर्माण स्तर प्लिंथ, डोर एवं लिंटर के लिए अलग.अलग चरण निर्धारित हैं तथा प्रत्येक चरण पूर्ण होने और सत्यापन के बाद ही संबंधित किस्त जारी की जाती है। उन्होंने हितग्राहियों से कहा कि यदि किसी कारणवश किस्त प्राप्त नहीं हो रही है तो वे तत्काल कार्यालय के आवास शाखा से संपर्क करें और अगली किस्त के लिए आवश्यक आवेदन प्रस्तुत करें। ऐसे प्रकरणों में प्राथमिकता से कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में कुछ हितग्राहियों ने आवेदन देने के बाद भी किस्त नहीं मिलने की शिकायत की। इस पर कार्यपालन अभियंता श्री लोहिया ने आवास योजना के मिशन प्रबंधक, मिशन प्रेरक एवं सहायक नोडल अधिकारियों को संबंधित आवेदनों की जांच कर शीघ्र किस्त जारी कराने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 75 से अधिक हितग्राही तथा योजना के सहायक नोडल उप अभियंता ऋषी राठौर, मिशन प्रेरक खगेश साहू, सूरज सारथी एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान अधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के लिए विभाग पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है।

# जपं सीईओ नहीं मानते सूचना अधिकार के कायदे-कानून

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

घरघोड़ा जनपद पंचायत के सीईओ सूचना अधिकार के कायदे-कानून को नहीं मानते। इसलिए जो जानकारी मांगी गई थी उसे देने के बजाए भ्रामक जानकारी दे दिया गया। ऐसे में कई तरह के सवाल खड़े होने लगा है।

जानकारी के अनुसार प्रताप नारायण बेहरा द्वारा सूचना के अधिकार के तहत जनपद पंचायत घरघोड़ा की आवास शाखा से साल 2023-24 एवं 2024-25 में कार्यालयीन व्यय के लिए आवंटित राशि और वास्तविक खर्च का ब्योरा मांगा गया था, लेकिन आरोप है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी न केवल अपूर्ण और भ्रामक है बल्कि निर्धारित समय सीमा के बाद उपलब्ध कराई गई। इतना ही नहीं, विलंब के बावजूद आवेदक से सूचना शुल्क भी वसूला गया जो सीधे तौर पर सूचना के अधिकार कानून की भावना के विपरीत माना जा रहा है। जनपद पंचायत घरघोड़ा में सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के




तहत एक आवेदन प्रस्तुत की गई थी जिसका तीस दिनों तक कोई जवाब नहीं मिलने की स्थिति में आवेदक द्वारा 09 फरवरी को प्रथम अपील की गई। इसके बाद अधिकारी द्वारा आवक जावक में 03 फरवरी को पत्र जारी किया जाता हैं और फर्जी ढंग से उस पत्र को 09 फरवरी को पोस्ट किया जाता है। पत्र में भी भ्रामक जानकारी दिया जाता है सूचना अधिकार अधिनियम 2009 नियम 3 का हवाला देते हुए कहा जाता है कि वित्तीय वर्ष एक विषय वस्तु है दो अलग अलग वर्षों की जानकारी के लिए दो आवेदन प्रस्तुत करें। इसके बाद भी आवेदक द्वारा शुल्क देकर एक वर्ष की ही जानकारी ली जाती है तो वह जानकारी भी विषय से हटकर जानकारी दें दिया गया। ऐसे में गड़बड़ी को छुपाने का प्रयास करने का आरोप लग रहा है।

# चंद्रपुर में शांतिपूर्ण ढंग से हो रही है 10-12वीं बोर्ड परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाएं छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशन में प्रदेशभर में संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में चंद्रपुर नगर के दो निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर 12वीं कक्षा की परीक्षाएं शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुईं। दोनों ही केंद्रों पर प्रशासनिक सतर्कता, सुरक्षा व्यवस्था तथा परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां पूर्व निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की गई थीं।



चंद्रपुर स्थित ठाकुर शशिभूषण सिंह देव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को बनाए गए परीक्षा केंद्र में केंद्राध्यक्ष हरिशंकर बेहरा के नेतृत्व में परीक्षा का सफल संचालन किया गया। आज 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए रसायन, लेखाशास्त्र एवं फसल उत्पादन विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस केंद्र में कुल 153 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 152 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। परीक्षा निर्धारित समय पर प्रारंभ हुई तथा प्रश्नपत्रों का वितरण नियमानुसार किया गया। केंद्र में बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश, स्वच्छता एवं सुरक्षा जैसे सभी प्रबंध संतोषजनक पाए गए।

वहींए दूसरे परीक्षा केंद्र के रूप में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। यहां केंद्राध्यक्ष रमेश पटेल के मार्गदर्शन में 12वीं कक्षा के राजनीति विज्ञान, रसायन, लेखाशास्त्र एवं फसल उत्पादन विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस केंद्र में कुल 197 परीक्षार्थी दर्ज थे, जिनमें से 194 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 3 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया तथा परीक्षा कक्षों में निर्धारित दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया गया।

## ओमप्रकाश बने भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

**चंद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी बुनकर प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। जारी सूची में नगर पंचायत चंद्रपुर के अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन से नगर सहित क्षेत्र के बुनकर समाज में हर्ष का वातावरण है। ओमप्रकाश देवांगन नगर में बुनकर महाजन के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। वे लंबे समय से हैंडलूम एवं कोसा कपड़ा के निर्माण और विक्रय कार्य से जुड़े हुए हैं तथा बुनकर समाज के हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। स्थानीय स्तर पर सामाजिक सांस्कृतिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी सराहनीय मानी जाती है। प्रदेश कार्यसमिति में स्थान मिलने से चंद्रपुर सहित आसपास के बुनकरों को संगठन स्तर पर मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। समर्थकों का कहना है कि उनके अनुभव और सक्रियता से बुनकर प्रकोष्ठ को नई दिशा मिलेगी तथा पारंपरिक हैंडलूम और कोसा उद्योग को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। ओमप्रकाश देवांगन के मनोनयन पर नगर के गिरजा शंकर यादव, तिलेश माली, बिल्लू गुप्ता, सोनू यादव, अवधेश अग्रवाल, संजय देवांगन, पिंटू यादव, जितेंद्र देवांगन, गौतम देवांगन एवं सीताराम देवांगन सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने बधाई दी है।



# बरौना कुंडा में विकासखंड स्तरीय स्काउट गाइड द्वितीय सोपान शिविर का समापन

**छाल।** स्थानीय माध्यमिक शाला बरौना कुंडा में आयोजित पांच दिवसीय विकासखंड स्तरीय स्काउट गाइड द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को विधिवत समापन हुआ। जिला कमिश्नर के निर्देशानुसार एवं जिला सहायक आयुक्त के मार्गदर्शन में यह शिविर 17 से 21 फरवरी तक वार्षिक कार्यक्रमानुसार आयोजित किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ नवनियुक्त सहायक जिला आयुक्त व बीईओ शशीधर निषाद के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर बीआरसी मनोज प्रधान, पूर्व बीईओ संतोष सिंह, सीएससी राजकुमार गुप्ता, प्रधान पाठिका श्रीमती संतोषी सिदार माशा बरौना कुंडा, सोहन सिदार प्राशा तेंदूभाटा, शाला समिति अध्यक्ष पवन सिंह राठिया सहित उप सरपंच व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पांच दिनों तक चले इस शिविर में प्रशिक्षकों ने छात्र छात्राओं को स्काउट गाइड आंदोलन के गौरवशाली इतिहास के साथ साथ जीवन रक्षक कौशलों का प्रशिक्षण दिया। तकनीकी कौशल विभिन्न प्रकार की गांठे] लेसिंग और पायनियर प्रोजेक्ट। स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्राथमिक उपचार तेज तथा विभिन्न प्रकार की पट्टियों का उपयोग। सामाजिक जागरूकता राज्य के निर्देशानुसार मशाल रैली और मानव श्रृंखला के माध्यम से सामाजिक संदेश दिए गए। जिला संगठन से आए जिला आयुक्त रामाधार चौधरी एवं संतोष गुप्ता ने बच्चों को पट्टियों के विशेष प्रकार और उनके व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी। शिविर के दौरान बच्चों का उत्साहवर्धन करने हेतु प्राचार्य बलराम भगत कुडुमकेला एवं पूर्व प्रभारी प्राचार्य सोरेन सर ने निरीक्षण कर मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर के अंतिम चरण में ग्रैंड कैंप फायर का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला डीटीसी जितेंद्र डनसेना उपस्थित हुए। उन्होंने स्काउट गाइड आंदोलन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक बताया। शिविर को सफल बनाने में शिविर संचालक दिगपाल पटेल व श्रीमती हरिप्रिया गुप्ता, सहायक संचालक धनीराम रात्रि, कुमारी पवित्रा सिदार, श्रीमती हेमलता प्रधान और सिलवंती खलखो का विशेष योगदान रहा।

# शहीद वीर नारायण सिंह कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ के विज्ञान संकाय द्वारा 23 फरवरी को महाविद्यालय के विज्ञान भवन में श्विज्ञान प्रदर्शनी विज्ञान मॉडल 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर महाविद्यालय परिसर में विशेष उत्साह और रचनात्मक वातावरण देखने को मिला। महाविद्यालय के साइंस बिल्डिंग में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं शोध प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करना रहा। प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान एवं पर्यावरण विज्ञान से संबंधित विविध कार्यशील मॉडल प्रस्तुत किए। कई मॉडलों में



ऊर्जा संरक्षण, जल प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, स्मार्ट तकनीक एवं ग्रामीण विकास से जुड़े अभिनव प्रयोगों को प्रदर्शित किया गया, जिन्हें उपस्थित जनों ने सराहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रशासन, प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में विज्ञान संकाय प्रभारी यूएस भारद्वाज एवं प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्रा का विशेष मार्गदर्शन रहा।

## सट्टा-पट्टी के साथ खाईवाल गिरफ्तार

**चांपा।** सट्टा खेलाने वाले खाईवाल को पुलिस ने सट्टा पट्टी के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से नगदी रकम 6570 रुपए जब्त किए गए है। आरोपी के विरुद्ध धारा 6 छग जुआ प्रतिशेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की शनि मंदिर रोड खुले स्थान में किशोर धकाते नाम का व्यक्ति कागज पेन से सट्टा पटटी लिखकर रूपये पैसे का दांव लगवाकर हार-जीत का खेल खेला रहा है। सूचना पर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर घेराबंदी कर रेड की कार्रवाई की गई।

# शिशु नगरी कार्यक्रम का आयोजन

**सरसीवां।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़, रायपुर के तत्वाधान में शिशु नगरी कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरसीवां में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चंद्रकांति कश्यप विभाग शिशु वाटिका प्रमुख, विशिष्ट अतिथि नरेश साहू शासकीय प्राथमिक शाला खमरिया शिक्षक एवं अमित शर्मा व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंधाईभांठा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज कुमार प्रधानाचार्य तथा रागिनी वैष्णव सदस्य, कमलनयन बाल कल्याण समिति, सरसीवां ने की। मां सरस्वती, ओम एवं भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।




# मकान टैक्स में 10 फीसदी छूट का प्रलोभन, लोगों को संपत्ति कर में राहत

**बिलाईगढ़।** नगर पंचायत बिलाईगढ़ में इन दिनों करदाताओं के बीच भारी असंतोष देखने को मिल रहा है। आरोप है कि वर्तमान मांग पर 10 प्रतिशत छूट का प्रचार तो किया जा रहा है, लेकिन वास्तविकता में यह छूट केवल संपत्ति कर पर लागू है, जबकि समेकित कर एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन यूजर चार्ज पर किसी प्रकार की राहत नहीं दी जा रही।

करदाताओं का कहना है कि छूट को लेकर स्पष्ट जानकारी न देकर भ्रामक तरीके से बिल तामिल किए जा रहे हैं, जिससे आम जनता में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। कई नागरिकों ने इसे "प्रलोभन" बताकर आपत्ति जताई है। वार्ड क्रमांक 10 स्थित रविदास मोहल्ला के निवासियों का आरोप है कि नगर




पंचायत गठन के बाद से अब तक न नियमित झाड़ू लगाई जाती है और न ही कचरा उठाया जाता है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत डोर-टू-डोर कलेक्शन भी नहीं हो रहा। इसके बावजूद 20 रुपए प्रतिमाह की दर से 240 रुपए वार्षिक यूजर चार्ज बिल में जोड़ा जा रहा है। मोहल्ला वासियों का सवाल है जब सेवा उपलब्ध ही नहीं है, तो शुल्क किस आधार पर वसूला जा रहा है? यही नहीं बल्कि नगर के कई वार्डों में नियमित कचरा कलेक्शन नहीं होने का आरोप है। कुछ वार्डों में एक ही मकान के अलग-अलग नामों पर 2 से 3 बिल जारी कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शुल्क जोड़ने की शिकायतें सामने आई हैं। लोगों का कहना है कि भले ही मकान के हिस्से अलग हों, परंतु रहन-सहन एक ही परिवार का है और कचरा भी एक ही स्थान से निकलता है, तो अतिरिक्त यूजर चार्ज वसूलना अनुचित है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत सीएमओ सुशील चौधरी एवं राजस्व शाखा की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पारदर्शिता की मांग की है। उनका कहना है कि कर निर्धारण और वसूली प्रक्रिया में स्पष्टता और जवाबदेही होनी चाहिए।

# उड़ान महोत्सव शिक्षा, संस्कृति और सम्मान का संगम

**लैलूंगा।** ईआईटी महाविद्यालय कुंजारा, लैलूंगा द्वारा आयोजित उड़ान महोत्सव का भव्य आयोजन 21 फरवरी को हर्षोल्लास एवं वातावरण में संपन्न हुआ। शिक्षा संस्कृति और सामाजिक समरसता को समर्पित इस बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में विशेष उत्साह देखा गया। ग्राम कुंजारा स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सामने आयोजित इस महोत्सव में हजारों की संख्या में छात्र छात्राएं, अभिभावक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे परिसर को आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया था जिससे आयोजन की भव्यता और भी बढ़ गई। मुख्य अतिथियों की उपस्थिति कार्यक्रम में लैलूंगा क्षेत्र की विधायक विद्यावती सिदार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। वहीं छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत छालीवुड के प्रसिद्ध कलाकार मन कुरेशी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए जिनकी सहभागिता युवाओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत लैलूंगा की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति भगत ने की जबकि ग्राम पंचायत कुंजारा की सरपंच श्रीमती सुषमा दिलकुमार भगत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि सामाजिक कार्यकर्ता पंचायत प्रतिनिधि एवं शिक्षाविद भी कार्यक्रम में शामिल हुए। लैलूंगा ब्लॉक के सभी स्कूलों के प्राचार्यों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया।





